NEW HORIZON SCHOOL

SUPPORT MATERIAL

PERIODIC TEST -1

CLASS -4

SUBJECT – HINDI

SESSION- 2018 -2019

पाठ - १

भारत माँ (कविता)

प्रस्तुत कविता में भारत देश की विशेषताएँ बताई गई हैं । भारत देश में हम जन्म लिए हैं और यहाँ का अन्न और जल खाकर बड़े हुए हैं । यहाँ अनेकता में एकता है। इसके उत्तर में हिमालय पर्वत ,दक्षिण में हिन्द महासागर, पूरब में बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में अरब सागर है ।

यहाँ समय - समय पर महापुरुषों ने अपने ज्ञान की रोशनी लोगों तक पहुँचायी है । यहाँ की धरती हरी-भरी है । भारत का मूल मंत्र है- सारी धरती ही एक परिवार है ।

पाठ - २

बूढा गिद्ध (कहानी)

प्रस्तुत कहानी के माध्यम से यह बताया गया है कि हमे धूर्त और चालाक लोगों से सावधान रहना चाहिए। बुरे लोगों का साथ देकर हम अपना भी बुरा कर लेते हैं। प्रस्तुत कहानी में एक बूढा गिद्ध एक धूर्त बिलाव पर विश्वास करके उसे अपने कोटर में रहने की अनुमति दे देता है और बिलाव इसका फायदा उठाकर पक्षियों के बच्चे खा लेता है और वहाँ से भाग जाता है ।पक्षी समझते हैं कि बूढे गिद्ध ने ही उनके बच्चों को खाया है और वे बूढे गिद्ध को मार - मार का अधमरा कर देते हैं जिसके कारण गिद्ध मर जाता है । अतः हमें किसी की मीठी - मीठी

बातों पर भरोसा नहीं करना चाहिए व कोई भी निर्णय सोच समझ कर लेना चाहिए ।

पाठ- 4

स्वच्छता अभियान (कविता)

प्रस्तुत कविता के माध्यम से साफ -सफाई के प्रति जागरूकता उत्पन्न की गई है । इस कविता में दिखाया गया है कि किस तरह पशुओं को भी साफ सफाई पसंद है। वे भी अपने जंगल को और खुद को साफ रखते थे ।एक दिन एक हाथी केला खाकर छिलका वहीं फेक देता है । पूरे जंगल में इसकी निंदा होती है ।बंदर और लोमड़ी उसे डाँटते हैं । अंत में हाथी को अपनी गलती का एहसास होता है और

वह दृढ निश्चय करता है कि अब वह ऐसी गलती नहीं करेगा और साफ -सफाई का ध्यान रखेगा।

व्याकरण

भाषा और लिपि

भाषा - भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने मन के भावों और विचारों को दूसरों के समक्ष प्रकट करते हैं ।

भाषा के दो रूप होते हैं -

1.मौखिक

2.लिखित

लिपि - भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है।

हिंदी भारत की राजभाषा है ।

हिंदी की लिपि देवनागरी है ।

14 सितम्बर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

कुछ राज्यों में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम-

i.पंजाब - पंजाबी

ii.गुजरात - गुजराती

iii. केरल - मलयालम

iv.तमिलनाडु - तमिल

v.पश्चिम बंगाल - बंगाली

वर्ण विचार

वर्ण - वह छोटी से छोटी इकाई जिसके टुकड़े नहीं किये जा सकते , वर्ण कहलाती है ।

वर्ण दो प्रकार के होते हैं -

1.स्वर वर्ण

2.व्यंजन वर्ण

स्वरों की संख्या 11 है ।

व्यंजनों की संख्या 33 है।